## उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए एन.एस.एस. स्वयंसेवी

चम्बा, 8 मार्च (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय लिल्ह कोठी में एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ।

समापन समारोह में पी.टी.ए. प्रधान कुलदीप चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों को सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया। एन.एस.एस. इकाई के प्रभारी प्रो. अनित ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, नशे के खिलाफ जागरूकता रैली में पौधारोपण आदि अभियान आयोजित किए।

इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य अनित ठाकुर ने एन.एस.एस. की पृष्ठभूमि के बारे में अवगत कराया व छात्रों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रो. सुरेश कुमार व क्लर्क राजकुमार भी शामिल रहे।

## विद्यार्थियों ने निहारे ऐतिहासिक स्थल

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी के इतिहास विषय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य इतिहास अनित ठाकुर के नेतृत्व में जिले के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भूरी सिंह संग्रहालय, लक्ष्मीनारायण मंदिर, चामुंडा मंदिर, चंपावती मंदिर और अखंड चंडी महल आदि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया। भूरी सिंह संग्रहालय में क्यूरेटर सुरेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को चंबा की ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन मूर्तिकला, चित्रकला और सांस्कृतिक विरासत के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अनित ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष कॉलेज के विद्यार्थियों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण करवाए जाते हैं। इससे छात्रों में पढ़ाई के साथ भारतीय इतिहास और समृद्ध संस्कृति की समझ विकसित हो सके। संवाद

## छात्रों ने चंबा के ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण



**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी के इतिहास विषय के करीब सौ विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य इतिहास अनित ठाकुर के नेतृत्व में चंबा के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भूरी सिंह संग्रहालय, लक्ष्मीनारायण मंदिर, चामुंडा मंदिर, चंपावती मंदिर तथा अखंड चंडी महल आदि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया। भूरी सिंह संग्रहालय में संग्रहालय के क्यूरेटर सुरेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को चंबा की ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन मूर्तिकला, चित्रकला तथा सांस्कृतिक विरासत के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यवाहक प्राचार्य अनित ठाकुर ने बताया की हर वर्ष कालेज के विद्यार्थियों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण करवाए जाते हैं, जिससे छात्रों में पढाई के साथ-साथ भारतीय इतिहास और समृद्ध संस्त्रति की समझ विकसित हो सके।

# लिल्हकोठी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया हठयोग व प्राणायाम



*चम्बा : लिल्हकोठी कॉलेज में लगाए गए शिविर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी।* (ब्यूरो)

## योग से मन को रख सकते हैं एकाग्र और स्वच्छ : अनित

चम्बा, 25 फरवरी (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर योग और ध्यान शिविर लगाया गया। शिविर में हठयोग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडली जागरण के माध्यम स्टाफ सदस्यों व छात्रों को निरोगी जीवन जीने और मन को एकाग्र रखने का अभ्यास करवाया गया। योग व ध्यान का अभ्यास आचार्य योगी अनित ठाकुर द्वारा करवाया गया।

अनित ठाकुर ने बताया कि योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे हम तन और मन को स्वच्छ व एकाग्र रख सकते हैं और रोगों से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योग शिविर में छात्रों को योग ध्यान कुंडली जागरण जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास करवाए गए। उन्होंने कहा कि योग शिव से शक्ति, आत्मा से परमात्मा और प्राण ऊर्जा और शरीर का परम तत्व में विलीन हो जाना ही योग है, जिसे योग और ध्यान के विभिन्न क्रियाओं से अनुभव किया जा सकता है।

उन्होंने योग से संबंधित जानकारी भी सांझा की। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज में पहला योग शिविर है तथा भविष्य में इस तरह के और शिविर लगाए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने तन और मन को भी स्वच्छ रख सकें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सकें। इस अवसर पर डॉक्टर अजय, क्लर्क राजकुमार और अन्य उपस्थित रहे।

# लिल्हकोठी में स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली



चंबा। राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर का विधिवत तरीके से समापन हो गया। इस मौके पर पीटीए प्रधान कुलदीप चौहान ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित दर्ज करवाई। एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. अनित ठाकुर ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, नशे के खिलाफ जागरूकता रैली और पौधारोपण आदि अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने साथ ही लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व बारे भी बताया। तदोपरांत मुख्यातिथि ने शिविर में हिस्सा लेने वाले स्वयंसेवियों को पुरस्कृत भी किया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। एनएसएस शिविर के समापन मौके पर महिला दिवस भी मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रो. सुरेश कुमार व क्लर्क राजकुमार के अलावा स्वयंसेवियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

चम्बा, 17 अक्तूबर (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्ह कोठी के इतिहास विषय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य इतिहास अनित ठाकुर के नेतृत्व में चम्बा के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को चम्बा राज्य के इतिहास, कला तथा संस्कृति की गहन जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भूरी सिंह संग्रहालय, लक्ष्मीनारायण मंदिर, चामुंडा मंदिर, चंपावती मंदिर तथा अखंड चंडी महल आदि का अवलोकन किया।

भूरी सिंह संग्रहालय में संग्रहालय के क्यूरेटर सुरेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को चम्बा की ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन मूर्तिकला, चित्रकला तथा सांस्कृतिक विरासत के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने इस अध्ययन यात्रा से चम्बा राज्य की प्राचीन सांस्कृतिक समृद्धि के प्रति गहरी रुचि एवं समझ विकसित की। कार्यवाहक प्राचार्य अनित ठाकुर ने बताया की हर वर्ष कालेज के विद्यार्थियों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण करवाए जाते हैं, जिससे छात्रों में पढ़ाई के साथ-साथ भारतीय इतिहास और समृद्ध संस्कृति की समझ विकसित हो सके।

वहीं राजकीय महाविद्यालय चम्बा के आतिथ्य एवं पर्यटन के छात्रों द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रम के तहत दो दिवसीय औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया। यह भ्रमण महाविद्यालय के वी.वॉक. आतिथ्य एवं पर्यटन विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने व्यावहारिक अनुभव और होटल प्रबंधन की व्यापक समझ प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और जमीनी अनुभव प्रदान करना था।

इस दौरान विद्यार्थियों ने पांच सितारा होटल आई.टी.सी. वैलकम, रेजेंटा पैलेस अमृतसर का दौरा किया गया। विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रियां, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने का मौका मिला।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफैसर डा. मदन गुलेरिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "इस तरह के भ्रमण छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वी.वॉक. आतिथ्य एवं पर्यटन विभाम के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षक कैलाश मन्हास और विवेक शर्मा विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

---

...या सामान खरीद कर लाने का ... करने के लिए पांगी शिक्षा विभाग ने ... के साथ किए गए विचार-विमर्श के ... अवगत करवाने की बात कही है। ... चंबा पहुंचे। संवाद

# सौ मीटर दौड़ में निकिता, ऊंची कूद में सचिन रहे अव्वल

## लिल्हकोठी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, जैवलिन थ्रो स्पर्धा में अर्चना ने मारी बाजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में निकिता ने पहला, अंजलि ने दूसरा और मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया।




लिल्हकोठी कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान ऊंची कूद लगाता खिलाड़ी। - संवाद

लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अक्षय प्रथम, अरविंद ने द्वितीय और सचिन ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में संजना, अंजलि और निकिता ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

लड़कों की 800 मीटर दौड़ में अरविंद ने पहला, लक्ष्मण ने दूसरा और सचिन तीसरे स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो में अर्चना, अंचना और ज्योति क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में नकिता ने पहला, संजना ने दूसरा और अंजलि ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की लंबी कूद में अक्षय और लड़कियों के वर्ग में संजना ने पहला स्थान हासिल किया।

अक्षम और संजना को बेस्ट एथलीट का खिताब दिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनित बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में जितेंद्र वशिष्ठ मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगता में दीक्षा पहले, हिमांगी दूसरे स्थान पर

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें दीक्षा पहले, हिमांगी दूसरे, जबकि दीक्षिता गुप्ता तीसरे पर रहीं।

कोमल रानी ने चौथा, अर्पित जरयाल ने पांचवां, दिशा ने छठा और जिंदल शर्मा ने सातवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा राधिका ठाकुर आठवें, भवानी ठाकुर नौवें और साक्षी ठाकुर दसवें स्थान पर रहीं। ये सभी विजेता प्रतिभागी अगले दौर में शिमला में होने वाली राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे और जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं शिक्षाविद डॉ. बिपन राठौर,



चंबा कॉलेज में युवा संसद कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि और अन्य। संवाद

सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं गणितज्ञ परीक्षित शर्मा, सेवानिवृत्त भाषा अध्यापक कवि एवं साहित्यकार अनूप कुमार, प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया और नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। जिला युवा अधिकारी विवेक भी मौजूद रहे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। युवा संसद के लिए राजकीय महाविद्यालय चंबा और लाहौल स्पीति जिला के लिए नोडल संस्थान बनाया गया था। कार्यक्रम में चंबा, सलूणी, तीसा, चुवाड़ी, बनीखेत सहित अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। संवाद

---

# दमदार प्रदर्शन, अक्षय-संजना बने बेस्ट एथलीट

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-चंबा

राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में शुक्रवार को वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर अनित ने मुख्यातिथि और जितेंद्र वशिष्ठ ने विशेषातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ किया। इस दौरान सौ, दो सौ व चार सौ मीटर दौड़ के अलावा ज्वैलिंग थ्रो, भाला फेंक व लंगड़ी दौड़ के मुकाबले करवाए गए। एथलेटिक मीट में लड़का वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के अक्षय और लड़कियों के वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की संजना को बेस्ट एथलीट चुना गया। लड़कियों की सौ दौड़ में नकिता ने पहला, अंजलि ने दूसरा और मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की सौ मीटर दौड़ में अक्षय पहले, अरविंद दूसरे व सचिन तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ संजना प्रथम, अंजलि द्वितीय व नकिता तृतीय रही। लड़कों की आठ सौ मीटर दौड़ में अरविंद ने पहला, लक्ष्मण ने दूसरा व सचिन ने तीसरा स्थान पाया। लड़कियों की ज्वैलिंग थ्रो में अर्चना पहले, अंचना दूसरे व ज्योति तीसरे स्थान पर रही। लड़कों की ज्वैलिंग थ्रो प्रतियोगिता में सोनू पहले, सचिन



दूसरे व हिमांयु तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की उंची कूद मुकाबले में नकिता पहले, संजना दूसरे व अंजलि तीसरे स्थान पर रही। लड़कों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में हिमांयु पहले, अक्षय दूसरे व अरविंद तीसरे स्थान पर रहा। लड़कों की लंबी कूद में अक्षय पहले, अरविंद दूसरे व सचिन तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की लंबी कूद प्रतियोगिता में संजना प्रथम, नकिता द्वितीय व अंचना तृतीय रही। मुख्यातिथि प्रोफेसर अनित ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के साथ खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है, जोकि जीवन में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में अहम रोल अदा करती हैं। उन्होंने साथ ही एथलेटिक्स मीट के विभिन्न मुकाबलों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की रस्म भी अदा की। इस मौके पर महाविद्यालय स्टाफ के सदस्यों के अलावा छात्र मौजूद रहे।

www.punjabkesari.in

चम्बा केसरी

# संजना व अक्षय बैस्ट एथलीट के खिताब से किए सम्मानित





*चम्बा : लिल्हकोठी कालेज में वार्षिक एथलैटिक मीट के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रो. अनित।* (ब्यूरो)

## लिल्हकोठी कालेज में हुई वार्षिक एथलैटिक मीट

चम्बा, 21 मार्च (काकू): राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में वार्षिक एथलैटिक मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर 100, 200 तथा 400 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, भाला फैंक, लंगड़ी दौड़ आदि स्पर्धाएं करवाई गईं। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रो. अनित बतौर मुख्यातिथि तथा जितेंद्र वशिष्ठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

प्रो. अनित ने सभी प्रतिभागियों को खेलों के हमारे जीवन में महत्व उसके इतिहास से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जब इंसान बोलना लिखना भी नहीं जानता था तब से वह इन क्रियाओं को करता आया है। उन्होंने कहा कि खेलों से हम तन और मन को स्वस्थ रखते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

खेलों की शुरूआत लड़कियों की 100 मीटर दौड़ से हुई। इसमें निकिता ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अक्षय ने पहला, अरविंद ने दूसरा तथा सचिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में संजना पहले, अंजलि दूसरे व निकिता तीसरे स्थान पर रही। लड़कों की 800 मीटर दौड़ में अरविंद ने प्रथम, लक्ष्मण ने द्वितीय, सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जैवलिन थ्रो में छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता में अर्चना ने पहला, अंचना ने द्वितीय तथा ज्योति ने तृतीय स्थान पाया। लड़कों में सोनू ने पहला, सचिन ने दूसरा तथा हिमान्यु ने तीसरा प्राप्त किया। इसके अलावा लड़कों की लंबी कूद प्रतियोगिता में अक्षय प्रथम, अरविंद द्वितीय और सचिन तृतीय स्थान पर रहे।

लड़कियों में संजना पहले, निकिता दूसरे तथा अंचना तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लड़कियों में द्वितीय वर्ष की संजना तथा लड़कों में तृतीय वर्ष के अक्षय को बैस्ट एथलीट के खिताब से नवाजा गया।

# लिल्हकोठी में लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अक्षय रहा प्रथम



लिल्हकोठी कालेज में आयोजित वार्षिक एथलेटिक्स मीट में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रोफेसर अनित • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण • मेहला : राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस एथलेटिक्स मीट में 100, 200 तथा 400 मीटर दौड़ व भाला फेंक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के दौरान प्रोफेसर अनित ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जितेंद्र बतौर विशेष, अतिथि उपस्थित रहे। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता, द्वितीय स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि तथा तृतीय स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्राप्त किया। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अक्षय, द्वितीय स्थान अरविंद तथा तृतीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र सचिन ने प्राप्त किया।

लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा संजना, द्वितीय स्थान, तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि तथा तृतीय स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा निक्रिता ने प्राप्त किया। लड़कों की 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तृतीय वर्ष के छात्र अरविंद, द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र लक्ष्मण, तृतीय स्थान प्रथम वर्ष के छात्र सचिन ने प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा अर्चना, द्वितीय स्थान अंचना तथा तृतीय ज्योति ने हासिल किया। लड़कों में प्रथम स्थान सोनू, द्वितीय स्थान सचिन व तीसरा स्थान हिमान्यु ने प्राप्त किया। लड़कियों की ऊंची कूद में प्रथम स्थान निकिता, द्वितीय स्थान संजना तथा तृतीय स्थान अंजलि ने प्राप्त किया। लड़कों की ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमान्यु, द्वितीय स्थान अक्षय तथा तृतीय स्थान अरविंद ने प्राप्त किया।

लड़कों की लंबी कूद में अक्षय पहले, अरविंद दूसरे व सचिन तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना, द्वितीय स्थान निकिता तथा तृतीय स्थान अंचना ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में मुख्यातिथि ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ धावक का खिताब लड़कियों में द्वितीय वर्ष की संजना व लड़कों में तृतीय वर्ष के अक्षय ने प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही सभी को पढ़ाई के साथ खेलकूद व अन्य तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।